
हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

04 जनता को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध...



07 कछुआ गति से रेंग रहा 14 करोड़ रु के नर्सिंग...





**खबर संक्षेप**

### डॉ.अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर देंगे श्रद्धांजलि



**सीहोर।** अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 गंज सीहोर के तत्कालीन पार्षद नरेन्द्र खंगराले दलित चिंतक ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वष्ज्ञ्ञ भी शनिवार 6 दिसम्बर 2025 सुबह 11 बजे डॉ.अम्बेडकर पार्क में नागरिकगण राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारी जनप्रतिनिधिगण, खेतीहर मजदूर सामाजिक संगठन से जुड़े लोग, पत्रकार साथी एवं साहित्यकार, डॉ.अम्बेडकर अनुयायी, संविधान रचियता डॉ.बाबा साहब अम्बेडकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करेगें। श्री खंगराले ने सभी सामाजिक धर्मप्रेमी बन्धुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जिले की 1100 से अधिक शालाओं में निरीक्षण कार्य शुरू



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले की 1100 से अधिक शालाओं में व्यापक निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस निरीक्षण के लिए अधिकारियों को निर्धारित प्रपत्र उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें दर्ज जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत की जाएगी। अधिकारियों द्वारा यह निरीक्षण कार्य 3 दिसंबर से 8 दिसंबर तक किया जाएगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यह पहल विद्यालयों की वास्तविक स्थिति सुधारने, शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूत करने तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को सात दिवस के भीतर संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं, शिक्षक उपस्थिति, विद्यार्थियों की स्थिति, शैक्षणिक गुणवत्ता का ध्यान रखें।

# अब प्याज ने निकाले अन्नदाता के आंसू, 40 पैसे किलो दाम मिलने पर टूटा किसान का सब्र, 50 कट्टी प्याज सड़क पर फेंकी

### किसान बोले: भाड़ा भी नहीं निकला, लागत तो दूर की बात है

**सीहोर।** जिले से किसानों की बेबसी और आर्थिक संकट की एक हृदयविदारक तस्वीर सामने आई है। प्याज के औने-पौने दाम मिलने से बुरी तरह टूटे पूर्णिया गांव के एक किसान ने अपनी पूरी 50 कट्टियों की प्याज सडक़ पर फेंक दी।

बता दें किसान प्याज बेचने के लिए सुबह जिला मुख्यालय स्थित मंडी पहुंचा था, लेकिन वहां 40 किलो की एक कट्टी का दाम मात्र 10 रुपये लगा। इसका मतलब है कि किसान को प्याज का मूल्य मात्र 40 पैसे प्रति किलो मिल रहा था। इतने कम दाम मिलने से किसान का ट्रैक्टर-ट्राली का भाड़ा तक नहीं निकल पाया। अपनी मेहनत की उपज का यह मजाक देख किसान ने मंडी परिसर के बाहर और सडक़ पर पूरी प्याज फेंक दी।

**भावांतर योजना में शामिल करने की मांग :** किसान द्वारा सडक़ पर प्याज फेंकने को लेकर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। मेवाड़ा ने कहा कि सोयाबीन की फसल पहले ही बर्बाद हो चुकी है और अब प्याज के दाम ने किसानों को गहरे आर्थिक संकट में धकेल दिया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्याज को भावांतर योजना में शामिल किया जाए, ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके और किसी भी किसान को अपनी मेहनत की उपज सडक़ पर फेंकने जैसा कदम न उठाना पड़े।



### किसानों का दर्द, लागत भी नहीं निकल रही

- यह हमारी मेहनत का अपमान है। प्याज उगाने में जो लागत लगती है, वह तो छोड़िए, मंडी तक लाने का भाड़ा भी नहीं निकल रहा। इस दाम पर बेचने से अच्छा है कि हम इसे यहीं फेंक दें।

रामचंदर मेवाड़ा, किसान बरखेड़ी

- सोयाबीन पहले ही खराब हो चुकी है और अब प्याज ने भी रुला दिया। अगर यही हाल रहा तो हम कर्ज में डूब जाएंगे।

भैरुलाल वर्मा, किसान निपानियां

- सरकार को किसानों की तरफ देखना चाहिए। हम इतनी मेहनत करते हैं, रात-दिन एक करते हैं, लेकिन दाम हमें मिट्टी के मोल मिलते हैं।

दशरथ सिंह, किसान बिलकिसगंज

- अगर हमारी लागत ही नहीं निकलेगी तो हम अगले साल फसल कैसे उगाएंगेद्द, यह हमारे परिवार के भरण-पोषण का सवाल है।

महेश मेवाड़ा, किसान पचामा

### सड़क, पार्किंग और डायवर्शन के साथ हर व्यवस्था पर बारीकी से रखी जाएगी इस बार नजर

# रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारी तेज: डीआईजी ने कुबरेश्वर धाम पहुंचकर सुरक्षा-व्यवस्था को दिया नया स्वरूप

बैठक के दौरान डीआईजी ने मार्ग व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, रोड डायवर्सन प्लान, रेल और बसों से श्रद्धालुओं के आगमन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने वाला रूद्राक्ष महोत्सव इस बार और भी विशाल रूप लेने वाला है। 14 फरवरी से 20 फरवरी तक चलने वाले इस दिव्य आयोजन की तैयारियों को परखने उप पुलिस महानिरीक्षक देहात रेंज, भोपाल राजेश चंदेल सीहोर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को बेहद गंभीरता से परखा। अधिकारियों को यह स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि आने वाले दिनों में काम की रफ्तार और सटीकता दोनों बढ़ानी होंगी।

बैठक के दौरान डीआईजी ने मार्ग व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, रोड डायवर्सन प्लान, रेल और बसों से श्रद्धालुओं के आगमन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान एक भी जगह अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए, क्योंकि लाखों श्रद्धालुओं की भावनाएं और विश्वास प्रशासन की सफलता से सीधे जुड़े हैं। एलईडी स्क्रीन से सूचना प्रसारण, पानी-बिजली की उपलब्धता और फायर सेफ्टी जैसी व्यवस्थाओं को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। मुख्य रूप से कुबरेश्वर धाम में प्रवेश और निकास मार्ग को सुचारु रखने पर विशेष बल दिया गया।





### कुबरेश्वर धाम का भ्रमण

बैठक के बाद डीआईजी राजेश चंदेल, पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कुबरेश्वर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम, पार्किंग क्षेत्र, कथा स्थल, अस्पताल, भोजनशाला सहित सभी व्यवस्थाओं को प्रत्यक्ष देखा। उनका संदेश स्पष्ट था कि श्रद्धालुओं को सुविधा मिले, भीड़ में कोई असुविधा न हो और हर स्थान पर पुलिस की मौजूदगी भरोसा दिलाने वाली हो। मंदिर समिति के सदस्यों से भी विस्तार से चर्चा कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

**वर्षांत समीक्षा-मंडी थाने का गहन निरीक्षण :** रूद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों के बाद डीआईजी ने मंडी थाने का वर्षांत निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पोर्टल ICJS, ई-साक्ष्य, ई-रक्षक, मेडलिपआर की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। अपराधों के लंबित प्रकरण, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, अपहरण मामलों की प्रगति, गुण्डा एक्ट, निगरानी बदमाशों की सूची और माईक्रो बीट सिस्टम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण तभी संभव है जब पुलिस का हर कदम तेज, सटीक और जनता के प्रति संवेदनशील हो।

**अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश,व्यवस्था ही सबसे बड़ी सुरक्षा :** निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने जोर देकर कहा कि महोत्सव जैसे विशाल आयोजनों में व्यवस्था ही सुरक्षा का आधार होती है। भीड़ प्रबंधन के हर चरण को पहले से परखना और मौके पर लागू करना ही सफलता का रास्ता है।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस के व्यवहार में संवेदनशीलता, तत्परता और समन्वय तीन ऐसे स्तंभ हैं जो किसी आयोजन की आत्मा को सुरक्षित रखते हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक यूनिट अपनी जिम्मेदारी को स्पष्ट समझे और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करे।

### वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी, तैयारियां निर्णायक चरण में

इस पूरे निरीक्षण और समीक्षा के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, निरीक्षक एसबी सत्येंद्र यादव, एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कुबरेश्वर धाम में होने वाले इस ऐतिहासिक रूद्राक्ष महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्रशासन और पुलिस पूरी गंभीरता के साथ जुटे हैं। स्थानीय लोग भी आशा कर रहे हैं कि इस बार व्यवस्थाएं और मजबूत होंगी, और श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के आस्था के इस अद्भुत पर्व का आनंद ले सकेंगे।

### सामूहिक विवाह समारोह में 9 जोड़ों का हुआ विवाह

# सामूहिक विवाह से समय और धन की बचत के साथ समरूपता की भावना जागृत होती है : डॉ.अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वर्तमान में सामूहिक विवाह समारोह की महत्ता अधिक बढ़ रही है। धन, समय की बचत तो होती है साथ समरूपता की भावना भी जागृत होती है। उक्त कथन राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल ने प्रयागराज में सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू को आर्शीवाद देते हुए नव दंपत्ति के सुखद और उज्वल भविष्य की कामना की।

जानकारी मप्र युवा अध्यक्ष सुशील शिवहरे ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह जिसके आयोजक अधिवक्ता टीएन जायसवाल द्वारा आयोजित हुआ जिसमें 9 जोड़ों ने सात जन्मों तक साथ निभाने की कसम खायी। जायसवाल समाज धर्मशाला कटघर में आयोजित इस समारोह में अनेक प्रदेशों से समाजजनों ने नव दंपत्ति को आशीर्वाद दिया। दोपहर को नगर के विभिन्न मार्गों से भव्य बारात स्थानीय केपी कालेज से प्रारंभ हुई जिसका जगह जगह भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत सत्कार किया गया। बारातियों जिसमें डा. अर्चना जायसवाल, शिवचरण हांडा, राकेश राय सीहोर, कलचुरी वार्ता प्रधान संपादक राजेश राय उज्जैन, सुशील शिवहरे, जुगल किशोर राय, ह्लदेश राय, गिरिजा शंकर राय, विश्वनाथ कलवार, मधुबाला कलवार, धनेंद्र धुवारे, ब्रजेश कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल, पंकज जायसवाल सहित अनेक समाजजन, स्थानीय स्वजातीय बंधुओं ने जमकर बैण्ड बाजा और डीजे की मधुर ध्वनि पर जमकर डांस किया। जायसवाल समाज धर्मशाला कटघर पर सभी बारातियों का मुख्य द्वार पर स्वागत सत्कार कर सभी बारातियों को सुस्वादिष्ट भोजन करवाया गया जिसकी प्रशंसा सभी ने की। मंच से सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल को समाज सेवा में कार्य करने के लिए कलचुरी समाज अनमोल रत्न से सम्मानित किया गया वहीं मप्र अध्यक्ष राकेश राय सीहोर, कलचुरी वार्ता समाचार पत्र प्र. संपादक राजेश राय उज्जैन, मप्र युवाध्यक्ष सुशील शिवहरे, प्रदेश महासचिव जुगल किशोर राय को समाजसेवा में कार्य करने के लिए शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

भव्य और ऐतिहासिक आयोजन के सफल आयोजन के लिए मुख्य अतिथि, समस्त अतिथिगणों द्वारा आयोजक अधिवक्ता टीएन जायसवाल का भव्य स्वागत सत्कार किया गया। संचालन युवा कवि सुजित जायसवाल ने किया और आभार वरिष्ठ कवि वृंदावन राय ने माना।

### भगवान श्री सहस्त्रार्जुन प्रचार-प्रसार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सामाजिक एकता के लिए सदैव तत्पर

**सीहोर।** राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ का उद्देश्य समाज का विकास, उत्थान और भगवान श्री सहस्त्रार्जुन प्रचार प्रसार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक एकता के लिए सदैव तत्पर है। उक्त कथन राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ राष्ट्रीय संयोजक डा अर्चना जायसवाल ने अपने संबोधन करते हुए व्यक्त किए। वहीं मप्र अध्यक्ष राकेश राय ने कहा कि राजनैतिक क्षेत्र में भी समाजजनों को उचित सम्मान, स्थान मिलें यही प्रयास हम सभी को मिलकर करना चाहिए। प्रयागराज में समाजजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष किशोर राय ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम परम पवित्र पावन धरा, मां गंगा के परम पवित्र तट स्थित अरेल घाट पर जितेन्द्र जायसवाल द्वारा मां गंगा की भव्य आरती करवायी गयी। राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ द्वारा घोषणा की गई कि उक्त स्थल पर जब भी निर्माण कार्य किया जाएगा संगठन द्वारा एक लाख रुपए की सहयोग राशि दी जाएगी। साथ ही भगवान श्री सहस्त्रार्जुन मंदिर निर्माण करने वाले श्री जयप्रकाश जायसवाल का स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रा.कार्यकारी अध्यक्ष शिवचरण हांडा, मप्र अध्यक्ष राकेश राय सीहोर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष किशोर राय, प्रदेश महासचिव जुगल किशोर राय, मप्र युवाध्यक्ष सुशील शिवहरे, सहित हृदेश राय, गरिजाशंकर राय, विश्वनाथ कलवार, मधुबाला कलवार, संजय शिवहरे, धनेंद्र धुवारे, ब्रजेश चंद जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल, सुधीर जायसवाल, श्रीमती सुनीता दुलारे, कलचुरी वार्ता समाचार पत्र प्रधान संपादक राजेश राय उज्जैन, कलचुरी समाज के अनेक कविगण, सहित अनेक राज्यों के प्रतिनिधि मौजूद थे। टीएन जायसवाल प्रयागराज में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन की समस्त तैयारी कर ली गई है। भव्य बारात निकाली जाएगी जिसका जगह जगह समाजजन स्वागत करेंगे। आयोजक टीएन जायसवाल है।

### कन्या शिक्षा परिसर में वार्षिकोत्सव आयोजित

**सीहोर।** कन्या शिक्षा परिसर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंडित प्रदीप मिश्रा, एमपी सीजी एनसीसी के डीडीजी ब्रिगेडियर रजनीश सिंह गौर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शामिल हुए। कार्यक्रम में बालिकाओं ने सामूहिक गीत, कराटे एवं आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन, अनुभव कथन, लोक नृत्य, स्कूल बैंड प्रदर्शन, देशभक्ति नृत्य, योग प्रदर्शन, तीरंदाजी सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी किया गया।

### लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनक्यूएएस प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एनएचआरसी दिल्ली द्वारा जिले के लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 96.65 प्रतिशत अंकों के साथ एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया है। उल्लेखनीय है राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा भैरूंदा विकासखंड के लाड़कुई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया था। टीम द्वारा केंद्र में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्र की मानक जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में सभी स्वास्थ्य सेंवाएं गुणवत्तपूर्ण ढ़गं से संचालित पाई गईं।

टीम द्वारा मानक जांच के पश्चात सेवदा उप स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया है। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रही हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेंवाएं मिल सकें।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
सीहोर जिले में एजेन्सी देना है।
बरखेड़ी, मेहतवाड़ा, श्यामपुर, भौरासा, बिलकिसगंज, लड़कुई, नसरूल्लागंज (भैरूदा), अमलाहा, सलकनपुर, बयां, शाहगंज, डोबी बक्तरा
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर किया गया जागरुक

**सीहोर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। इस अवसर पर ओपीडी में आये सभी मरीजों को दिव्यांगजनों के अधिकार, कल्याण को बढ़ावा देने व शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर लोगो के प्रति भेद-भाव न करने के लिये जागरूक किया गया। इसके साथ ही सभी दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### विकासखंड स्तरीय परीक्षा 7 दिसंबर को

**सीहोर।** प्रदेश में ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था। उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर 2025 रविवार को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है।
ओलम्पियाड परीक्षा में कोई भी विद्यार्थी दोनों ही परीक्षा में भाग ले सकता है। इस परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र विद्यार्थियों के रोल नम्बर, परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल द्वारा अलग से भेजी जा रही है।
विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर 2025 के पूर्व घोषित कर दिया जाएगा। इस परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी संभाग स्तरीय ओलम्पियाड 21 दिसम्बर 2025 दिन रविवार को भाग ले सकेंगे।

### किसान, गोबर और गो-मूत्र से खाद बनाएँ

**सीहोर।** किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जानगये है ओर अब कई किसानों ने गो-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। किसान अपने खेत पर गोबर और गोमूत्र से खाद भी बनाया है। मध्य प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गोमूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति और गुण से जीवामृत बना रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से खाद बनाने में लागत भी कम आती है और फसल में पैदावार भी अच्छी होती है। प्रदेश में प्राकृतिक उत्पाद की मांग बढ़ी है।

## कलेक्टर बोले : लंबित कार्यों की स्पष्ट समय-सीमा तय कर नियमित समीक्षा की जाए

# जनता को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है : कलेक्टर बालागुरु के

### कलेक्टर ने जल कर की राशि नियमित संग्रहित करने तथा योजनाओं के वित्तीय प्रबंधन को मजबूत बनाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में जल जीवन मिशन तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों की नल-जल योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किया जाए, ताकि ग्रामवासियों को पेयजल मिल सके और उन योजनाओं का नियमित संचालन एवं रखरखाव सुनिश्चित हो सके।


कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति में गति लाने और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो कार्य लंबे समय से लंबित हैं, उनकी स्पष्ट समय-सीमा तय कर नियमित समीक्षा की जाए और




किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने दें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा संचालित नल-जल योजनाओं का समय पर मरम्मत एवं रखरखाव किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम पंचायतों से जल कर की राशि नियमित रूप से संग्रहित करने तथा योजनाओं के वित्तीय प्रबंधन को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कार्यस्थलों का नियमित निरीक्षण करने और ठेकेदारों को समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनता को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने प्रत्येक गांव में संचालित पेयजल योजनाओं की वर्तमान स्थिति, पेयजल की उपलब्धता, आपूर्ति, पेयजल की गुणवत्ता, गांव मे नल कनेक्शन की स्थिति, योजना का संचालन और जल कर राशि की वसूली के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी जनपदवार योजनावार समीक्षा के दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

## प्रदेश कार्यकारिणी में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का जिला कांग्रेस कार्यालय में किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन को और अधिक सक्रिय, मजबूत तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार की अनुसंशा पर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल द्वारा अनुसूचिज जाति विभाग एवं सद्भावना, कोमी एकता प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियाँ की गई हैं। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलुजा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से युवा और अनुभवी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए टीम का विस्तार किया गया है।

इसी क्रम में सीहोर के ऊर्जावान कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश कार्यकारिणी अनुसूचित जाति विभाग में जगदीश चौहान को प्रदेश उपाध्यक्ष, सीताराम भारती प्रदेश महासचिव, रामबगस सूर्यवंशी प्रदेश सचिव एवं जसबीर सिंह खनूजा को सद्भावना एवं कोमी एकता प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री मनोनित किये जाने एवं जिला कांग्रेस कार्यालय में सात दिवसीय योग शिविर समापन पर योगाचार्य सुरेश बाबु राठौर का सीहोर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में सभी मनोनित पदाधिकारियों का पुष्पहारों से सम्मान किया गया एवं आशा व्यक्त की गई कि आपके मनोनयन से संगठन को और अधिक सक्रियता एवं मजबूती प्रदान होगी। इस अवसर प्रमुख रूप से उपस्थित जनों में राममूर्ति शर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, सुरेश बाबू राठौर, सुनील दुबे, रमेश गुप्ता, राजेश भूरा यादव, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, घनश्याम मीणा, मनोज परमार, अरूण राय, घनश्याम यादव, इरफान लाला, हसीन कुरैशी, मांगीलाल टिमरई, नरेन्द्र खंगराले, आरती खंगराले, प्रेमनारायण परमार, रामकिशन मालवीय, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, तारा यादव, संतोष मालवीय, गजराज परमार, ममता कीर, देवेन्द्र ठाकुर, मनीष मेवाड़ा, मोनू शर्मा, लक्की सक्सेना, हरिओम सिसोदिया, यश यादव, विक्की विश्वकर्मा, अक्षत सेंगर, राधेश्याम यादव, ओम सोनी सहित आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स क्लब रेहटी बनी चैंपियन मकोडिया की टीम ने दिखाया जज्बा

### रेहटी क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार समापन, अंतिम गेंद तक थमी रही दर्शकों की सांसे



**रेहटी।** सांसद खेल महोत्सव के तहत रेहटी स्टेडियम में बुधवार को टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन उस अंदाज़ में हुआ, जिसे लंबे समय तक खेल प्रेमी याद रखेंगे। अंतिम मुकाबला स्पोर्ट्स क्लब रेहटी और मां बिजासन क्लब मकोडिया के बीच खेला गया, जहां मैच आखिरी गेंद तक पहुंचा और हर ओवर के साथ दर्शकों की धड़कनें भी तेज होती रहीं ।टॉस जीतकर स्पोर्ट्स क्लब रेहटी ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और निर्धारित 10 ओवरों में 96 रनों का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में मकोडिया की टीम ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए मैच को रोमांच की चरम सीमा तक पहुंचा दिया।

आखिरी गेंद तक रन की दरकार थी, लेकिन टीम एक रन से पीछे रह गई। इसी के साथ स्पोर्ट्स क्लब रेहटी ने टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। अब स्पोर्ट्स क्लब रेहटी फाइनल जीतकर भेरूंदा में खेलेगी पुरस्कार वितरण के दौरान भारतीय जनता पार्टी मंडल सलकनपुर अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सांसद कप, शील्ड और मेडल से सम्मानित किया। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 30 नवंबर को युवा आइकॉन कार्तिकेय सिंह चौहान और क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव ने की थी।

ग्रामीण एवं शहरी टीमों की इस प्रतिस्पर्धा ने न सिर्फ खेल प्रतिभाओं को उभरने का मंच दिया, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा भी प्रदान की। आयोजकों के अनुसार अगला चरण भैरून्दा में आयोजित होगा, जहां विधानसभा स्तरीय मुकाबलों के माध्यम से एक विजेता टीम का चयन किया जाएगा। चयनित टीम विदिशा संसदीय क्षेत्र में रायसेन के मुकाबलों में अपना प्रदर्शन देगी। कार्यकरण में राम गोपाल टेलर, अनार सिंह चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेमनारायण मीणा,केशव चौहान, अजय दुबे, थाना प्रभारी राजेश कहारे, महामंत्री प्रदीप पटेरिया, जगदीश नाविक, अरविंद दुबे, भागीरथ मंडलोई, भागवत सिंह ठाकुर, प्रखर नायक, मीडिया प्रभारी संदीप चौहान, कृतिन जिराती, पिंटू मगतानी, मेहरवान सिंह, चेतन पटेल, भारत पटेल, विनोद नागर, कमेंटेर विपिन केवट,आरडी विश्वकर्मा, विशाल चौहान, अंपायर , टेक्निकल समिति, सुरक्षा समिति, निर्णायक समिति, सहित भारतीय जनता पार्टी मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## स्लोगन लेखन, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आर्यावर्त विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम एक दिसंबर से तीन दिसंबर तक आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच एचआईवी एड्स के प्रति गहन जागरूकता फैलाना, सामाजिक संवेदनशीलता को विकसित करना और स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना था।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इनमें स्लोगन लेखन, हैंड पेंटिंग, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए सुरक्षित व्यवहार, जागरूकता और मानवीय संवेदनशीलता को दर्शाने वाले सशक्त संदेश प्रस्तुत किए।



समापन कार्यक्रम में, विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) दीपक राज तिवारी ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। विद्यार्थियों को संदेशः जिम्मेदारी के मूल्यों को जीवन में अपनाएं उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि वे समाज में जागरूकता फैलाने के अपने दायित्व को समझें।

जिम्मेदारी और करुणा के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं। वहीं कुलसचिव डॉ. अनुज सिंघई ने एड्स जागरूकता अभियान की सफलता पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और रेड रिबन क्लब यूनिट की कार्यकुशलता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक, बल्कि ज्ञानवर्धक भी सिद्ध हुआ है। इसने स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय बडयाल और अदिति दीक्षित ने आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

## आदर्श विश्वकर्मा कल्याण महासभा भारत सीहोर जिला संगठन मंत्री नियुक्त

**सीहोर।** आदर्श विश्वकर्मा कल्याण महासभा भारत के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनय कुमार शर्मा की सहमति तथा प्रदेश अध्यक्ष दयाराम निमोदिया एवं प्रदेश सचिव सुदेश विश्वकर्मा की अनुशंसा पर, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र विश्वकर्मा द्वारा डॉ. अशोक विश्वकर्मा को सीहोर जिला संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। नव-नियुक्त जिला संगठन मंत्री डॉ. अशोक विश्वकर्मा ने महासभा के सभी



पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "मैं समाज की सेवा, मयवंशी संगठन की मजबूती तथा युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से निरंतर कार्य करता रहूंगा।" इस अवसर पर मयवंशी विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्षः संदीप विश्वकर्मा, जिला सचिवः दिनेश विश्वकर्मा, समाजजन एवं पदाधिकारीः राजेश विश्वकर्मा, बृजेश विश्वकर्मा, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, हिरदेश विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, हरिओम विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा, रितिक विश्वकर्मा सहित सभी मयवंशी विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## किसानों को जरूरत अनुसार दिया जाए तकनीकी मार्गदर्शन व प्रशिक्षण

# कलेक्टर ने आईटीसी रिसर्च व डेवलपमेंट फार्म और खाद्य प्रसंस्करण यूनिट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के. ने इछावर जनपद के ग्राम अरोलिया स्थित आईटीसी रिसर्च एवं डेवलपमेंट फार्म का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालगुरु के. को अश्वगंधा की खेती एवं रोज़ैल फसल की खेती के बारे मे जानकारी दी गई एवं बताया गया कि आईटीसी द्वारा सीहोर जिले में लगभग 650 एकड़ मे किसानों द्वारा अश्वगंधा की खेती की जा रही है। कलेक्टर बालागुरू के. को अश्वगंधा की खेती के अलावा अन्य औषधीय फसलों जैसे स्टीविया, तुलसी, काँच, गुग्गल आदि फसलों की खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने आईटीसी फार्म पर गुग्गल के पौधे का रोपण भी किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में औषधीय फसलों के तहत होने वाले नवाचार एवं आधुनिक तकनीक को अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाया



जाए, ताकि वे उच्च मूल्य वाली फसलों से बेहतर आय अर्जित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रसंस्करण इकाइयों को स्थानीय स्तर पर प्रोत्साहन देकर कृषि उत्पादों का वैल्यू एडिशन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को किसानों की जरूरत अनुसार तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और विपणन सहायता समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर विकासखंड में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित पीएमएफएमई योजनान्तर्गत लाभान्वित हितग्राही हरीश गुप्ता द्वारा स्थापित खाद्य प्रसंस्करण इकाई विनायक नमकीन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान श्री गुप्ता द्वारा कलेक्टर को अपनी इकाई में बनाए जा रहे विभिन्न प्रकार के नमकीन एवं उन्हें बनाने की प्रक्रिया तथा विपणन के बारे में जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान आईटीसी वैज्ञानिक डॉ नागेंद्र मिश्रा, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक जगदीश मुझाल्दा, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी सुनील रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को दिया गया मिलावट की जांच करने का प्रशिक्षण, साथ ही लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बुधनी के शासकीय हाई स्कूल में विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की जांच का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान विभाग की चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बंसल द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि खाद्य पदार्थ में मिलावट की जांच किस प्रकार की जाती है। इसके साथ ही स्कूल से मध्यान भोजन की जांच के लिए खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए गए हैं।

इसके अलावा खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बुधनी स्थित दों दुकानों मां बिजासन किराना स्टोर एवं शिवा किराना स्टोर से भी जांच के लिए विभिन्न खाद्य सामग्रियों के नमूने लिए गए हैं।

### विद्युत वितरण कंपनी की लाइट शिफ्टिंग सहित एजेंसी को भुगतान न होना बड़ी वजह

# कछुआ गति से रेंग रहा 14 करोड़ रु के नर्सिंग महाविद्यालय का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में पीआईयू (प्रोजेक्ट इम्प्लीमेन्टेशन यूनिट) द्वारा बनवाए जा रहे मेडीकल कॉलेज निर्माण कार्य ने भलेंही तेज गति पकड़ ली हो लेकिन समीप ही निर्मित किए जा रहे नर्सिंग कॉलेज का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। पीआईयू द्वारा निर्धारित एजेंसी ने अप्रेल 2025 में इस कॉलेज का निर्माण आरंभ किया था लेकिन 9 माह बीत जाने के बाद भी काम में उतनी प्रोग्रेस मौके पर नजर नहीं आ रही है जितनी हो जानी चाहिए थी।

नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने की दो बड़ी प्रमुख वजहें भी सामने आई हैं। दरअसल, जिस निर्माण एजेंसी ने करीब 14 करोड़ 79 लाख रुपए लागत वाले इस प्रोजेक्ट का टैंडर लिया है उसे विभाग द्वारा अभी तक एक धेले का भी भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान के साथ ही निर्माण स्थल के ऊपर से गुजर रही विद्युत विभाग की हाईटेंशन लाईन की शिफ्टिंग भी अभी तक न हो काम गति नहीं पकड़ पा रहा है। कुछ दिनों पहले विद्युत वितरण कंपनी ने लाईन शिफ्टिंग कार्य का शेड्यूल भी तय किया था लेकिन लाईनों का यह शिफ्टिंग कार्य अभी पूरी तरह से नहीं हो पाया है।

## निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के समीप ही बन रहा है यह नर्सिंग महाविद्यालय

### एजेंसी को नहीं हुआ अभी तक कोई भुगतान


सूत्रों के अनुसार पीआईयू ने जिस निर्माण एजेंसी को नर्सिंग कॉलेज निर्माण का ठेका दिया है उसके द्वारा करीब डेढ़ करोड़ का कार्य करवाने के उपरान्त विभाग को बिल सब्मिट कर दिए गए हैं। इसके बावजूद विभाग ने एजेंसी को अभी तक कोई पेमेंट नहीं किया है। यही कारण है कि पेमेंट न होने से संबंधित ठेकेदार भी काम में लेटलतीफी करता नजर आ रहा है।

### केंद्र और राज्य सरकार दोनों का लग रहा पैसा

आपको बतादें कि नर्सिंग महाविद्यालय का निर्माण मेडीकल कॉलेज की तरह ही केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित है। निर्माण लागत का 60 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करती है। ऐसे में किस केंद्र या राज्य किस मद की राशि अटकी हुई है, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### मेडिकल कॉलेज निर्माण ने अलबत्ता पकड़ी गति

संकट मोचन बड़ली एरिए के जिस विशाल क्षेत्र में मेडीकल कॉलेज (चिकित्सा महाविद्यालय) का निर्माण कार्य चल रहा है, शुरूआत में उस काम की गति भी बेहद धीमी थी। तय समय से करीब 2 साल लेट चल रहे मेडीकल कॉलेज के निर्माण अब कहीं जाकर तेज गति से शुरू हो चुका है। निर्माण एजेंसी द्वारा लेबर सहित अन्य संसोधनों की संख्या बढ़ा दिए जाने से इस काम में अलबत्ता काफी प्रोग्रेस नजर आ रही है।



### खास-खास

| | | |
|---|---|---|
| निर्माण कार्य | : | नर्सिंग महाविद्यालय |
| कहां बन रहा | : | संकट मोचन क्षेत्र |
| लागत | : | 14 करोड़ 79 लाख |
| क्षेत्रफल | : | 25 हजार स्क्वायर फीट |
| कितनी मंजिल | : | 02 मंजिला |
| छात्रावास | : | 05 मंजिला |

### शीघ्र भुगतान कराया जाएगा

मैने 2 महीने पहले ही जिले में कार्यभार सम्हाला है। उसके बाद मेडिकल कॉलेज निर्माण की प्रोग्रेस आप देख ही रहे होंगे। नर्सिंग कॉलेज निर्माण में हाईटेंशन लाइन जल्द हटाने हम विद्युत विभाग से सतत संपर्क में है। निर्माण एजेंसी का पेमेंट भी जल्द करवाया जाएगा।

**ज्ञानदीप भूमरकर,**
कार्यपालन यंत्री(भवन), पीडल्यूडी, राजगढ़

### पीछे से कार को टक्कर मारने वाली बस ने दुर्घटना के बाद ऑनलाइन लिया टीपी और भरा टैक्स

आरटीओ की अनदेखी से सड़कों पर बिना कागज पूरे किए ही दौड़ रही हैं गाड़ियां

# बिना परमिट और टैक्स के फर्राटे भर रही थी प्रज्ञा बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मंगलवार को दोपहर में ब्यावरा से पचोर हाइवे पर 2 को गंभीर एवं 12 यात्रियों को घायल करने वाली प्रज्ञा बस की सच्चाई यह है कि कार को पीछे से टक्क्र मारने के बाद हुई दुर्घटना के समय तक न ही तो उसके पास परमिट था और न ही टैक्स ही जमा किया गया था। साथ ही पीयूसी भी एक्सपायर हो चुका था ऐसे हालातों में यह मौत की बस सडकों पर कैसे दौड रही थी और आरटीओ कैसे अपनी ऑखें मूंदे जिले में कार्रवाई का हवाला देते रहते है। सडकों पर खडें होकर सिर्फ स्कूली बसों पर कार्रवाई कर वाहवाही लूटने वाले आरटीओ को सडकों पर दौडती यह मौत की यात्री बसें क्यों दिखाई नहीं देती। हरिभूमि ने पूर्व में भी सडकों पर बिना कागजों के दौडती बसों व गाडियों का जिक्र किया था परंतु आरटीओ के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।


12 फीट चौड़े डिवाइडर से उछलकर बस पहुंची दूसरी लेन

बस ने कार को पीछे से मारी ट...

12 यात्री घायल, 2 शाजापुर रे...

संदेह के घेरे में आरटीओ की...

बिना परमिट बस फिर दौड़ी

**दुर्घटना के बाद भरा टैक्स-** प्रज्ञा बस सर्विस द्वारा कार को पीछे से टक्कर मारने के बाद सबसे पहला काम उन्होने ऑनलाइन टैम्प्रेरी परमिट लिया जो सिर्फ एक ही दिन के लिए लिया गया। मतलब दुर्घटना के दिन मंगलवार 2 दिसंबर को ही आवेदन किया और उसी दिन एक दिन के लिए ही टीपी जारी हो गया परंतु जारी होने का समय दुर्घटना के बाद का होने से मामला बिगड रहा है। यही हाल टैक्स भरने का है आनन -फानन में प्रज्ञा बस एमपी 09 एफए 3815 का 11648 टैक्स भी भरा गया जिसका समय भी दुर्घटना होने के बाद का होने से सच सामने आया है कि आरटीओ की लापरवाही से मौत की यात्री बसे सडकों पर दौड रही है।

## संविधान पर परिचर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**ब्यावरा।** इस कार्यक्रम में प्रभारी के तौर पर अमित बंसल एवं विशेष अतिथि के रूप जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे हुआ जो की 2 घंटे तक लगातार चला।

इस बीच वक्ताओं ने संविधान की प्रासंगिकता एवं उसके परिपालन पर अपने विचार रखें आजादी के संघर्ष और उसके बाद के संविधान के निर्माण के प्रसंग को बताते हुए वक्ताओं ने संविधान की की वर्तमान में प्रासंगिकता को लेकर मौजूद जन मानस एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि संविधान पर परिचर्चा कार्यक्रम संपूर्ण राजगढ़ जिले में प्रत्येक मंडल स्तर पर आयोजित किया जाना है इसी श्रृंखला में शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा द्वारा स्थानीय पीपल चैराहे पर बुनियादी पाठशाला मंडलम भवरगंज मंडलम और जगत चैक मंडलम की बैठक आयोजित की गई।

### अंर्तविभागीय समन्वय को बढ़ावा देने आयोजित हुआ था क्रिकेट मैच

# मैत्री मैच के मैदान में प्रशासनिक टीम ने प्रोफेसरों की टीम को दी पटखनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में अंर्तविभागीय समन्वय को बढावा देने के उद्धेश्य से बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों एवं कॉलेज के प्राध्यापकों के बीच क्रिकेट का मैत्री मैच आयोजित किया गया। इस मैत्री मैच में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम ने कॉलेज के प्रोफेसरों की टीम को बड़े अंतर से हरा दिया। मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासनिक टीम के प्लेयर नायब तहसीलदार ऋषभ परतेती 'मेन ऑफ द मैच' घोषित किए गए। उनकी निर्णायक पारी के चलते प्रशासनिक टीम को सफलता हाथ लगी। इस आयोजन में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और मैत्री मेच को स्वस्थ कार्य-संस्कृति का प्रभावी माध्यम बताया।

जिला पंचायत सीईओ श्री गढ़पाल ने बताया कि ऐसे आयोजन विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सामंजस्य स्थापित करते हैं। साथ ही यह एक ऐसा मंच प्रदान करते हैं, जहाँ अधिकारी और प्राध्यापक अनौपचारिक वातावरण में एक-दूसरे को बेहतर समझ पाते हैं।

# प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों की मांगों को माना और अपनी हड़ताल कर दी समाप्त



**सारंगपुर।** नगर पालिका में पिछले कई दिनों से चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल आखिरकार बुधवार को समाप्त हो गई। कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसडीएम रोहित बम्होरे ने नगर पालिका पहुंचकर हड़ताली सफाईकर्मियों से चर्चा की और उनकी प्रमुख मांगों को स्वीकार किया। प्रशासन द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिए जाने के बाद सफाईकर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर पुनः कार्य पर लौटने का निर्णय लिया।

हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। नागरिकों को गंदगी और कचरे की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन हरकत में आया और बुधवार को एसडीएम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर हड़ताली कर्मियों से संवाद किया। सफाईकर्मियों ने बताया कि 43 स्थायी सफाईकर्मियों को हटाए जाने के आदेश से कर्मचारियों में आक्रोश था। इसी को लेकर वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे थे। एसडीएम बम्होरे ने कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और आश्वस्त किया कि उनकी मांगों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बातचीत के दौरान उन्होंने साफ किया कि नगर की सफाई व्यवस्था जनता की बुनियादी जरूरत है, इसलिए हड़ताल खत्म कर सभी कर्मचारियों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। प्रशासन की इस समझाइश और मांगों के स्वीकार होने के बाद सफाईकर्मियों ने सहमति जताई। नगर पालिका प्रशासन ने भी कर्मचारियों की बात मानते हुए 43 सफाईकर्मियों को पुनः कार्य पर लगाने का निर्णय लिया। निर्णय मिलते ही कर्मचारियों में राहत की भावना देखी गई। हड़ताल समाप्त होने के बाद गुरुवार से नगर में नियमित सफाई कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

### सीएम हेल्पलाइन एवं टीएल में लापरवाही पर कार्रवाई

# 12 विभाग प्रमुखों पर 2-2 हजार का जुर्माना, रेडक्रॉस में करेंगे राशि जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में खराब प्रदर्शन एवं समय-सीमा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में लापरवाही पर कलेक्टर ने 12 विभाग प्रमुखों पर 2-2 हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित की है। इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी अंतर्गत तय सीमा से बाहर हुई शिकायतों पर माचलपुर नगर परिषद समेत एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों पर 1-1 हजार की शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

जुर्माना एवं शास्ति से प्राप्त राशि रेडक्रॉस मद में जमा करवाई जाएगी। सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर तलेन नगर परिषद सीएमओ लीलधर सेन, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री जे.के ठाकुर, एनएचएम के डॉ. नितिन पटेल, पांड चिकित्सा अधिकारी हिमांशु मीणा, जल निगम के डिप्टी मेनेजर रवि यादव पर 2-2 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करवाने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। इसी तरह अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, जेल विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, मत्स्य विभाग के अधिकारियों पर भी 2-2 हजार की शास्ति अधिरोपित कर रेडक्रॉस में जमा करवाने के निर्देश प्रदान किए।

**लापरवाही पर नप एवं पंचायतों पर भी कार्यवाही-** इसी प्रकार लोक सेवा गारंटी अंतर्गत समय सीमा से बाहर शिकायतों में नगर परिषद माचलपुर, वार्ड ग्राम पंचायत कालीतलाई जनपद पंचायत राजगढ़, ग्राम पंचायत बांकपुरा, ग्राम पंचायत सांकाजागीर जनपद नरसिंहगढ, ग्राम पंचायत देहरीकराड, ग्राम पंचायत खजुरी गोकुल जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत धामन्याजोगी जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत मोकमपुरा जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत बोरकापानी जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत गोरधनपुरा एवं ग्राम पंचायत कांकरिया पर योजना विभाग द्वारा 1-1 हजार रूपये शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित हुईं विविध प्रतियोगिताएं

# दिव्यांगजन व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों सहित अन्य खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों, प्रतिभा एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रशासन द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड पर निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिता तथा विशेष जागरूकता गतिविधियाँ कराई गईं जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

"समावेशन और समान अवसर सबका अधिकार" अंतर्गत दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, अधिकारों के संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा द्वारा प्रमाणपत्र, पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं तथा उन्हें मुख्यधारा में सम्मिलित करते हुए शिक्षा, रोजगार एवं सम्मानजनक जीवन हेतु सभी आवश्यक अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। इस दिशा में शासन द्वारा विभिन्न कल्याण कारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत फूलसिंह तंवर, नपाध्यक्ष विनोद साहू, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा आदि मौजूद थे।

### पौधरोपण, तार फेंसिंग और खाद-बीज कार्य पूर्ण करने पर हितग्राहियों को मिलेगा तत्काल भुगतानः एसडीओ



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई 'मां की बगिया' योजना ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हितग्राहियों का चयन किया गया है। सारंगपुर जनपद पंचायत में अब तक 100 से अधिक हितग्राही चयनित किए जा चुके हैं, जिन्हें मां की बगिया के नाम पर पौधरोपण का कार्य सौंपा गया है। योजना को तेज गति से धरातल पर उतारने के लिए जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल तथा एसडीओ कृपाल पोरवाल द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। दोनों अधिकारियों ने अधीनस्थ पंचायत अमले को निर्देशित किया है कि पात्र हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज तुरंत जनपद में उपलब्ध कराए जाएँ, जिससे कार्य समय पर प्रारंभ हो सके। सारंगपुर जनपद में सबसे अधिक हितग्राही चिन्हित होने के कारण यहां योजना का कार्य बड़े पैमाने पर चल रहा है।

## जिले में 96.74 फीसदी हुआ डिजिटाइजेशन

**विदिशा।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। जिले में दो दिसम्बर की दोपहर 12 बजे तक 96.74 फीसदी मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। विदिशा जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1120532 है जिसमें से तीस नवम्बर की दोपहर दो बजे तक 1084051 मतदाताओं के गणमना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र विदिशा में लक्ष्य का 91.67%, बासौदा में 97.43 %, कुरवाई में 99.22 %, सिरोंज में 97.77 % तथा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 97.71% लक्ष्य दो दिसम्बर तक पूरा कर लिया गया है।

### अकेले राजगढ़ जिले में 6 लाख तक होगा निजी कंपनी वास्को का बिल

# सिविल सर्जन के आदेश के बाद 50 प्रतिशत कम हुई सीटी स्कैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल में वास्को कंपनी द्वारा लगाई गई सीटी स्कैन मशीन द्वारा जहां प्रत्येक माह मरीजों के सीटी स्कैन 10-12 लाख का बिल बनता रहा है जिसका भुगतान सरकार खजाने से होता रहा है परंतु सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य व सरकार के खजाने को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों सीटी स्कैन प्रभारी को आदेश जारी किया गया जिसमें बिना विशेषज्ञ डॉ या जरूरी होने पर ही सीटी स्कैन किया जाए।

प्रत्येक मरीज को स्कैन फिल्म दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि कई मरीजों को वास्कों सीटी स्कैन द्वारा फिल्म नहीं दी जाती थी ऐसी शिकायतें भी मिली थी। वहीं सीटी स्कैन को लेकर जागरूक होना भी जरूरी है जिसको लेकर सिविल सर्जन द्वारा जल्द ही सीटी स्कैन से होने वाली हानियों के बारे में अस्पताल में प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया जावेगा जिससे मरीजों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा सके।

## एक्सपर्ट बोले - 10-15 साल में आएंगे कैंसर जैसे घातक परिणाम




### सरकार के 72 लाख की होगी बचत

यदि सिविल सर्जन के आदेश को आधार माना जाए तो पिछले 15 दिनों में वास्को कंपनी द्वारा की जा रही सीटी स्कैन में 50 प्रतिशत की कमी आई है तो यह आंकडा उनके मासिक बिल राशि 10-12 लाख के हिसाब से 5-6 लाख प्रतिमाह रह गया। इससे शासन को एक साल में एक ही जिले से 72 लाख की बचत होगी जो की फिजूल तरीके से सीटी स्कैन कर की जा रही थी।

### जवाहर नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एवं रिर्सच सेंटर के एचओडी बोले सीटी स्कैन रेडीएशन से मरीजों में कैंसर का खतरा



यदि किसी मरीज की सीटी स्कैन की जाती है तो उसमें 100 एक्स-रे के बराबर रेडिएशन का खतरा होता है ऐसे में यदि किसी मरीज को साल भर में 4-5 बार सीटी स्कैन से गुजरना पडें तो उसको भविष्य में कैंसर जैसी बिमारी होने की प्रबल संभावना हो जाती है। यह बात भोपाल के प्रतिष्ठित कैंसर संस्थान जवाहर नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एंड रिर्सच सेंटर के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एचओडी डॉ विजय भार्गव ने हरिभूमि को बताई उन्होने यह भी बताया कि कोरोना महामारी से संक्रमित रहे व्यक्ति पर सीटी स्कैन रेडिएशन का खतरा कई गुना ज्यादा है परंतु इस रेडिएशन के गंभीर परिणाम आने में 10-15 साल का समय लग जाता है।

### वास्को ने लगाई कम क्षमता की सीटी मशीन

वास्को कंपनी द्वारा राजगढ जिला अस्पताल में की जा रही सीटी स्कैन पर भी एक्सपर्ट का कहना है कि कई बार जिले में की जा रही सीटी स्कैन किसी काम की नही होती क्योंकि उनकी स्कैन केपिसिटी इतनी कम होती है सही है डायग्नोस नहीं हो पाता ऐसी स्थिती में हमें दुबारा मरीज का सीटी स्कैन हाईकॉन्ट्रॉस्ट पर करना होता है। जिससे मरीज को लगातार सीटी स्कैन के रेडिएशन का सामना करना पडता है।

# आदित्य पैलेस व मैरिज गार्डन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



शहर को आदित्य पैलेस एवं मैरिज गार्डन के रूप में जल्द ही एक नई सुविधा मिलने जा रही है। गुना-ग्वालियर बायपास पर भव्य तरीके से निर्मित होने वाले इस रिसार्ट का भूमिपूजन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार की अगुवाई में संपन्न हुआ, जिसमें तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर मणिधारी समूह के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा ने जानकारी देते हुए बताया कि आदित्य पैलेस एवं मैरिज गार्डन सुरेन्द्र कुमार रघुवंशी एवं कृष्ण कुमार रघुवंशी (पिपरिया) द्वारा निर्मित किया जा रहा है। इस गार्डन में सर्वसुविधा युक्त 32 कमरे एवं स्वमिंग पूल, बच्चों के लिए गेमिंग जोन, 40 हजार वर्गफिट का गार्डन, शानदार एवं व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। गौरतलब है कि इस आधुनिक आदित्य पैलेस एवं मैरिज गार्डन को मणिधारी समूह द्वारा संचालित किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**जावर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेट जावर के नेतृत्व में नवनियुक्त मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी एवं अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कमल सिंह पहलवान ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, पार्षद राजेंद्र भरेवा, डॉ भीष्म सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, धीरज सिंह पहलवान, धर्मेंद्र ठाकुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, सलीम भाई सरपंच ,धीरज सिंह ठाकुर ,डॉ दिनेश विश्वकर्मा, ओम प्रकाश राठौर ,हरपाल ठाकुर, पवन ठाकुर, सचिन ठाकुर, जोगेंद्र भाटी, यशवंत सिंह पाटीदार, जोएब शेख ,अफसर भाई, भारत सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह, जगदीश प्रजापति, संतोष, विजेंद्र सिंह, जयदीप, तुलसीराम बागवान ने स्वागत किया।

### दिव्यांगजनों को प्रदान किए सहायक उपकरण

**सीहोर।** दिव्यांग दिवस के अवसर पर सीहोर में वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को अलिम्कों के अंतर्गत निशुल्क सहायक उपकरण सहित अन्य सहायक उपकरण सामग्री प्रदान किए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

### विद्यार्थियों ने आईआईएसईआर भोपाल का किया शैक्षिक भ्रमण

# शैक्षणिक भ्रमण से होगी सीएम राइज के 217 विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित

वार्षिक कार्य योजना में शासकीय हाई स्कूलों और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए राज्य अंतर्गत उच्च शैक्षणिक संस्थानों में भ्रमण का है प्रावधान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विकासखंड के 217 विद्यार्थियों ने आईआईएसईआर भोपाल का शैक्षणिक भ्रमण किया। इन विद्यार्थियों के साथ 25 मार्गदर्शी शिक्षक भी थे। सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य व शैक्षणिक भ्रमण के नोडल अधिकारी सितवत खान ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान की वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना में शासकीय हाई स्कूलों और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए राज्य अंतर्गत उच्च शैक्षणिक संस्थानों में भ्रमण का प्रावधान है। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता एवं रोजगार आदि को समझने के अवसर उपलब्ध कराना है। प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नीलेश सक्सेना ने बताया कि मेरिट एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया गया था।

भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आई.आई.एस.ई.आर.) भोपाल राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित संस्थान है, जिसमें विज्ञान और अनुसंधान में उच्च शिक्षा प्रदान की जाती है। इस संस्थान में अत्यधिक कुशल और प्रेरित संकाय है, जो शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्रदान करते है। इस संस्थान में सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनवायरमेंट एंड सस्टेनेबल टेक्नालॉजीज़, सेंटर फॉर रिसर्च इन एडवांस्ड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन इन सांइस और सेंटर फॉर सांइस एंड सोसाइटी तीन उत्कृष्ट केन्द्र है। यह संस्थान 200 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फेला है। यहां से स्नातक, स्नात्कोत्तर, डॉक्टरेट, बी.एस., एम.एस., बीई., बी.टेक और एम.टेक जैसे कोर्स किए जा सकते है। इस संस्थान के छात्रों का चयन टी.सी.एस., डिलाईट, इसरो, हारवर्ड, गुगल और माईक्रोसॉफ्ट कंपनियों में हुआ है। ई.आई.एस.ई.आर. के डॉ. रामकुमार मिश्रा द्वारा विज्ञान के संबंध में संक्षिप्त जानकारी विद्यार्थियों को दी गई और उनकें प्रश्नों का उत्तर दिया एवं जिज्ञासा का समाधान किया। विद्यार्थियों ने केन्द्रीय पुस्तकालय देखा और पुस्तकालय की नई तकनीकि के बारे में सीखा। भौतिक शास्त्र प्रयोगशाला में डॉ. सारिका द्वारा व्याख्यान दिया गया और बताया कि सैद्धांतिक और प्रयोगिक कार्य किस प्रकार से एक दुसरे के पूरक है। रसायन शास्त्र प्रयोगशाला में डॉ. मधुलिका मुखर्जी कुछ रोचक प्रयोग करके बताएं जिन्हे देखकर विद्यार्थी न केवल आनंदित हुए बल्कि उन्होंने इन प्रयोगों का विज्ञान भी सीखा। इसके साथ साथ विद्यार्थियों ने अन्य प्रयोगशालाओं में भी अत्याधुनिक उपकरण देखें और इनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त करी। आष्टा विकासखंड के




विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण करवाने में नीलेश सक्सेना, सितवत खान, अजब सिंह राजपूत, नितिन कौशल, कल्याण सिंह ठाकुर, गौरीशंकर वर्मा, जोस सामुएल, डी.एस. ठाकुर, डी.आर. कासन्या, आजाद परमार, कमल सिंह मालवीय, अनार सिंह ठाकुर, जितेन्द्र मेवाड़े, कृतिका वर्मा, सतीश वर्मा, आरती भार्गव, नीलिमा बैरागी, पदमा परमार, डॉ. स्मिता नायर, डॉ. तेजपाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, राजेश राठौर आदि की विशेष भूमिका रही।

# भावांतर योजना की मुआवजा राशि से अनेक किसान वंचित

**पटवारी पर लगाए लापरवाही के आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जनपद इलाके की ग्राम पंचायत मेना के गांव सुलखेड़ी के एक किसान ने सीहोर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर भावांतर योजना अन्तर्गत मुवावजें की गुहार लगाई है। वही उक्त हल्के के पटवारी पर भी लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान कमलसिंह धनवाल निवासी ग्राम सुलखेड़ी ग्राम पंचायत मैना ने कलेक्टर को दिए आवेदन में गुहार लगाई है की मैं दिनांक 01 दिसम्बर को मेरी सोयाबीन की फसल को लेकर मैना अनाज मंडी गया था, जहां मैंने देखा कि मॉडल भाव 4239 रूपए था, और मध्यप्रदेश सरकार की बेहतर नीति भावांतर योजना जिसकी राशि 5328 रूपए के तहत 1089 रूपए प्रति क्विंटल मुझे मिलने वाले थे, जो 05 क्विंटल सोयाबीन पर 5445 रूपए बनती है।

जो एक छोटे किसान के लिए बहुत मायने रखती है। इसके लिए एक प्रक्रिया होती है, जिसके तहत पंजीयन होता है, इस पंजीयन के लिए पहले फसल की गिरदावरी जरूरी होती है। जिसकी जिम्मेदारी सरकार व हल्के के पठ्वारी को सौंपी गई थी। लेकिन मेरे गांव के लगभग 60 से 70 प्रतिशत किसानों की गिरदावरी नही की गई। जिससे पूरे गांव में कम से कम 10 से 15 लाख रूपए का नुकसान हुआ है। जिसकी शिकायत सीएम हेल्प लाईन पर भी चल रही है। जिसका शिकायत क्रमांक 34937339 है। वही प्रकृति की मार से पहले ही सोयाबीन की फसल कम पैदा हुई है, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक और बेहतरीन नीति मुआवजा वितरण राशि लागू की गई और इस राशि से भी मुझे वंचित किया गया। जिसकी शिकायत क्रमांक 35477277 है। ऐसे में एक छोटा सा किसान हूं। कृषि कार्य करते हुए अपने परिवार का लालन-पालन करता हूं, लेकिन हल्के के पटवारी द्वारा लापरवाही के कारण मैं सरकार की इन दो महत्वपूर्ण लाभकारी योजना से वंचित रह गया और मेरी माताजी श्रीमति गोकलबाई की सम्मान निधि भी बदं कर दी गई, जिसका पंजीयन क्रमांक एम.पी.270736321 है। 05 किस्त प्रधानमंत्री सम्मान निधि की व 06 किस्त मुख्यमंत्री सम्मान निधि की रूकी हुई है, कुल 11 किस्त रूकी हुई है, जिसकी कुल राशि 22000/- रूपए बनती है।

अतः उक्त राशि दिलवाने की कृपा करें जिससे में अपने परिवार का भरण पोषण कर सकूं।अब देखना यह होगी स्थानीय प्रशासन की अनदेखी को जिला प्रशासन संज्ञान लेकर किसान की जायज मांग पूरी करता है या ऐसे ही किसानों के साथ छलावा होता रहेगा।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत दूसरे चरण के प्रशिक्षण में सिखाए गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




पशुपालन विभाग के अंतर्गत दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जनपद पंचायत आष्टा के सभागार आयोजित किया गया। जिसमें पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. आरपी गौतम के निर्देशन में जिले के मास्टर ट्रेनर डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि चंद्राकर एवं आष्टा के मास्टर ट्रेनर डॉ. उदय सिंह महेश्वरी ने पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, मैत्री और गौ सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य माननीय मुख्यमंत्री की मंशानुरूप प्रदेश का दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पशुपालकों के घर-घर जाकर संपर्क कर पशुपालकों को पशुओं में नस्ल सुधार, पशु पोषण और पशु स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां दी गई साथ ही पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान एवं सेक्स सॉर्टेड सीमन से बछिया पैदा को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण में बताया गया इस अवसर पर विकासखंड आष्टा के विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.विनोद शुक्ला, डॉ. दीप्ति कोटास्थान, डॉ. दिनेश मालवीय डॉ.राजेंद्र उपस्थित रहे और विभाग के समस्त कर्मचारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# कोलूखेड़ी के बाद अब जैतला गांव में नजर आया तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**क्षेत्र में जंगली जानवर का मूवमेंट**



हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

जैतला गांव में गुरुवार शाम 6 बजे के करीब एक तेंदुआ देखा गया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। ग्रामीण लखपत पटेल ने बताया कि तेंदुआ गांव के स्कूल के पास देखा गया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना तत्काल अहमदपुर वन विभाग को दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह तेंदुआ नहीं, बल्कि चिता है, जो शाम के समय दिखाई दिया है। इससे आसपास के किसानों में चिंता बढ़ गई है। गांव में जंगली जानवर की खबर फेलते से भय और डर का माहौल निर्मित हो गया है, अभी दो दिन पहले कोलूखेड़ी गांव में तेंदुआ देखा गया था। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था लगातार क्षेत्र में जंगली जानवर के आतंक से ग्रामीण डरे हुए हैं लगातार क्षेत्र में जंगली जानवर का मूवमेंट हो रहा है उसके बावजूद भी वन विभाग के आला अधिकारी इसे पकड़ने या इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर जेतला गांव नाकेदार पहुंचे हैं, वही ग्रामीणों ने वन विभाग के आला अधिकारियों से मांग की है कि वन विभाग की टीम विशेष दल बुलाकर इसका रेस्क्यू कर ले ताकि ग्रामीणों में जो दहशत और डर का माहौल बना हुआ है, वह दूर हो सके। ग्रामीणों ने सीधे तौर पर वन विभाग से इस जंगली जानवर के रेस्क्यू की मांग की है। जैतला गांव में तेंदुआ की खबर गांव में पहुंचते ही गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने जानवर और परिवार की रखवाली कर रहे है। वही मामले में वन विभाग के अधिकारी का कहना है कि जेतला गांव में जंगली जानवर की सूचना मिली थी। हमने स्टाफ को तत्काल तैनात करने के लिए सूचित कर दिया है।

# फुटपाथ निर्माण कार्य की प्रगति का मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




नगर में चल रहे अनेक कार्यो का मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी द्वारा निरीक्षण किया गया और रोड पर दोनों साइट तहसील कार्यालय से लेकर मुख्य बाजार का पेवर्स ब्लॉक का कार्य किया जा रहा है।

जिसका निरीक्षण मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी और पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा संबंधित ठेकेदार को कहा गया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए शासन की मंशा के अनुरूपी ही गुणवत्ता के साथ कार्य किया जाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि जावर नगर में लगभग 5 करोड़ के कार्य चल रहे हैं जैसे की नगर पालिका का नया। भवन नया श्मशान घाट नमो पार्क वार्ड नंबर 3 में ब्रिज जो की बनकर कंप्लीट हो चुका है। आगे भी इसी प्रकार शासन की योजनाओं का विभिन्न वार्डों में कार्य किया जाएगा इस अवसर पर सब इंजीनियर प्रमोद साहू, हेमंत परिहार ,अड्डू भाई उपस्थित है।

# लसुडलिया के श्मशान घाट में किया गया टीनशेड निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



ग्राम पंचायत लासुडलिया विजय सिंह में शमशान घाट में टीन सेट लगाने हेतु भूमि पूजन किया गया। पिछले कई दिनों से ग्राम पंचायत लसूडिया विजय सिंह के ग्रामीणों द्वारा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से शोक सभा हेतु टीन सेट लगाने की मांग की जा रही थी ग्रामीणों की मांग पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा श्मशान घाट में टीन सेट लगाने हेतु राशि स्वीकृत की गई जिसका बुधवार को सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी की उपस्थिति में भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया इस मौके पर जीवन सिंह सोलंकी सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी मांगीलाल राजकुमार गब्बर सिंह गोलू सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में जागरुकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड आष्टा ब्लॉक समन्वयक अधिकारी भगवत शरण लोधी के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर टिगरिया में किशोरी बालिका जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग परामर्शदाता सुरेश पांचाल ने बालिकाओं महिलाओं से संबंधित योजनाओं तथा कानूनों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, प्रस्फुटन प्रभारी गजराज सिंह, चंद्र प्रकाश एवं नवांकुर पीठ सेवा समिति अध्यक्ष सचिव आदि उपस्थित रहे।

### श्री विश्वकर्मा बढ़ई, सुतार महासभा मध्य प्रदेश का किया गठन

# मनोहर विश्वकर्मा सेकुखेड़ा बने प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




गुरूवार को नगर में राजेश विश्वकर्मा संस्थापक श्री विश्वकर्मा बढ़ाई, सुतार महासभा और प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग महापंचायत म प्र व महामंडलेश्वर संत भगवतानन्द गिरि महाराज उज्जैन, संत डॉ तरुण मुरारी बापू सारंगपुर के संरक्षण मे एवं सभी आमंत्रित समाज जनों कि उपस्थिति मे आष्टा मे बैठक का आयोजन किया। जिसमे मनोहर विश्वकर्मा सेकुखेड़ा को सर्व सहमति से श्री विश्वकर्मा बढ़ाई, सुतार महासभा म प्र. का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर सभी समाज जनों ने प्रदेश अध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा को बधाई, शुभकामनायें प्रेषित कि नव अध्यक्ष बनने पर मनोहर विश्वकर्मा ने बताया कि मुझे समाज ने जो सेवा दी है उसे में पूर्ण ईमानदारी, और लगन से करता रहूँगा। संगठन मे रामगोपाल गिरोदिया सीहोर, राजेश मालवीया रेहटी, महेश मालवीया भेरुन्दा, शंकरलाल विश्वकर्मा सेकुखेड़ा को महासभा का संरक्षक बनाया गया। संगठन को मजबूत बनाने हेतु पूरे प्रदेश में जिलेवार संगठन बनाया जाएगा। जिससे समाज में संगठन और मजबूत होगा। इस अवसर पर समाज के कई प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। उपस्थित समाज जनों मे सुरेश विश्वकर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष, जितेन विश्वकर्मा सीहोर, गोलू विश्वकर्मा भेरूंदा, राजेश विश्वकर्मा सरपंच सेवनिया, दुर्गेश विश्वकर्मा भेरूंदा, मदन लाल विश्वकर्मा सीहोर, हेमंत विश्वकर्मा सीहोर, गोपाल विश्वकर्मा भेरूंदा, राहुल विश्वकर्मा सीहोर, महेश मालवीय भेरूंदा, मदन लाल विश्वकर्मा पार्षद जावर, रतनलाल विश्वकर्मा सोनकछ, सुधीर जी विश्वकर्मा शेकुखेड़ा, लक्ष्मी नारायण पटेल अर. दाऊद,संजय मालवीया तिलावाद, विष्णु विश्वकर्मा भीमपुरा, कृष्णपाल विश्वकर्मा आष्टा, बिजेंद्र विश्वकर्मा इंजी. जाटखेड़ी, अकलेश विश्वकर्मा सिद्दीगंज, हरिओम विश्वकर्मा आष्टा, ओम जी विश्वकर्मा आष्टा,मेहरवान जी विश्वकर्मा लोरस, मनोज विश्वकर्मा आष्टा, हरिप्रसाद विश्वकर्मा, श्याम सिलोदिया, वेद प्रकाश पिपलोदिया आष्टा, शिव श्रीवादी, राम श्रीवादी आष्टा, माखनलाल लाइनमैन जावर, बाबूलाल विश्वकर्मा खजुरिया, महेश सरपंच मेहतवाड़ा, गेंदालाल विश्वकर्मा लखनलाल श्रीवादी, रघुनाथ विश्वकर्मा किला, महेश विश्वकर्मा अर. दाऊद, बाबूलाल बादागुरा,सुनील सेकेट्री, रवि विश्वकर्मा जताखेड़ा, हेमंत विश्वकर्मा बरखेड़ा, रवि विश्वकर्मा आष्टा मीडिया प्रभारी, दीपक विश्वकर्मा पेंटर, चंद्रपाल विश्कर्मा बैजनाथ सहित अनैक संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने लगाई ग्राम लसुड़िया परिहार में चौपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा ग्राम लसुड़िया परिहार में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों मुख्य रूप से बच्चे युवाओं ने भाग लिया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन जो कि एक राष्ट्रीय स्तर का एनजीओ है, यह शिक्षा, के क्षेत्रों में जागरूकता के लिए कार्य करता है।यह फाउंडेशन उच्चतर शिक्षा, स्नातक और स्नाकोत्तर विद्यार्थीयों के लिए स्कॉलरशिप भी प्रदान करता है। किसी भी वर्ग की बालिका हो सभी को स्कॉलरशिप अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा दी जाती है। बालिका द्वारा 10वीं और 12वीं की परीक्षा शासकीय स्कूल से की हो ऐसी बालिकाओं को अजीम प्रेमजी द्वारा 30000 की स्कॉलरशिप दी जाती है। जिससे वहां बालिका अपनी आगे की पढ़ाई निरंतर जारी रख सके। पंचायत भवन परिसर में आयोजित इस चौपाल में एनजीओ द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं छात्रवृत्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।